विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर नराकास-2 के तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 10 जनवरी 2024 को विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोधपुर-2 के तत्वावधान में भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में ''हिन्दी की गौरव यात्राः पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा), काजरी एवं सदस्य सचिव नराकास-2, जोधपुर ने कहा कि अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान और भारत वासियों को एकता के सूत्र में पिरोने में हिंदी भाषा का योगदान उल्लेखनीय है। हिंदी सूचना प्रौद्योगिकी और तकनीक की भाषा के रूप में भी लोकप्रिय हो रही है। प्रतियोगिता में नराकास के सदस्य कार्यालय - रक्षा प्रयोगशाला, काजरी, आफरी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, केंद्रीय विद्यालय सी.सु.बल., जवाहर नवोदय विद्यालय आदि कार्यालयों के कार्मिकों ने भाग लिया ।